समाचार

# एम.पी.नगर विस्तार में रिक्त जमीनों को गंदगी से मुक्त करने बनेगें मिनी गार्डन, लोगों को मिलेगी सुविधा, छोटी दुकानें बनाकर कामर्शियल लेन बनाने की कार्ययोजना पर होगा कार्य

**(आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय अधिकारियों की टीम के साथ महाराणा प्रताप नगर पहुंचे, डोर–टू–डोर भ्रमण कर ली समस्याओं की जानकारी, साफ–सफाई, सड़क, नाली, अतिक्रमण  अवैध कब्जे, सी.एण्ड डी.वेस्ट व उद्यान से जुड़ी समस्याओं पर दिए त्वरित कार्यवाही के निर्देश)**



कोरबा 21 अगस्त 2025 – नगर पालिक निगम कोरबा के पं.रविशंकर नगर जोनांतर्गत आने वाले महाराणा प्रताप नगर विस्तार में स्थित सामुदायिक भवन के पास व एक अन्य स्थान पर स्थित रिक्त जमीनों को गंदगी मुक्त किए जाने व वहॉं के निवासियों की मांग व सुविधा के मद्देनजर मिनी गार्डन का निर्माण किया जाएगा तथा पूर्व में स्थापित उद्यानों की व्यवस्थाएं सुधारी जाएगी। इसी प्रकार घंटाघर मुड़ापार रोड पर रिक्त भूमि में छोटी दुकानों का निर्माण कर

कामर्शियल लेन बनाए जाने की कार्ययोजना पर भी कार्य किया जाएगा, साथ ही बरसात के बाद जीर्ण सड़कों का डामरीकरण व सुदृढ़ीकरण का कार्य भी होगा। आज आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने एम.पी.नगर में भ्रमण के दौरान उक्ताशय के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए।

आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने आज अपने नियमित प्रातः भ्रमण के दौरान अधिकारियों की टीम के साथ महाराणा प्रतापनगर आवासीय क्षेत्र में डोर–टू–डोर भ्रमण कर वहॉ की साफ–सफाई व्यवस्था, सड़क, नाली, अतिक्रमण, अवैध कब्जा, सी.एण्ड डी.वेस्ट एवं उद्यान आदि से जुड़ी विविध समस्याओं का अवलोकन किया। इस मौके पर आयुक्त श्री पाण्डेय ने वहॉ के नागरिकों की मांग एवं खाली पड़ी रिक्त जमीनों को गंदगी से मुक्त करने हेतु 02 स्थानों पर मिनी गार्डन का निर्माण किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इसी प्रकार घंटाघर से मुड़ापार की ओर जाने वाली सड़क के किनारे रिक्त जमीन में समय–समय पर होने वाले अतिक्रमण, अवैध कब्जों व अस्थाई दखल की समस्या को दूर करने हेतु वहॉ पर छोटी दुकानों का निर्माण एवं इन दुकानों को छोटे व्यवसायियों को आबंटित कर एक कामर्शियल लेन बनाने की कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। इसी प्रकार एम.पी.नगर मुख्य मार्ग पर बना ली गई अवैध गुमठियों व अवैध कब्जों के स्थान पर दुकान बनाकर छोटे व्यवसायियों को आबंटित किए जाने की योजना पर भी कार्य करने को कहा। भ्रमण के दौरान अपर आयुक्त विनय मिश्रा, जोन कमिश्नर प्रकाश चन्द्रा, स्वास्थ्य अधिकारी संजय तिवारी, जनसंपर्क अधिकारी रावेन्द्र सिंह, पूर्व पार्षद दिनेश वैष्णव, उप जोन प्रभारी अविनाश जायसवाल, सहायक अभियंता गोयल सिंह विमल, आकाश अग्रवाल, किरण साहू, रामप्रसाद मिर्री आदि के साथ अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

**एम.पी.नगर मुख्य उद्यान के सामने होगा सौदंर्यीकरण** – यहॉ उल्लेखनीय है कि महाराणा प्रताप नगर मुख्य उद्यान के सामने पूर्व में दर्जनों अवैध गुमठियॉ बन गई थी व अतिक्रमण कर लिया गया था, जिसे वहॉ के नागरिकों की मांग पर निगम प्रशासन द्वारा हटाया गया था, अब उक्त स्थल पर सौदंर्यीकरण कर उसे आकर्षक स्वरूप दिया जाएगा। आज आयुक्त श्री पाण्डेय ने उक्त स्थल का निरीक्षण करते हुए उद्यान की बाउण्ड्रीवाल व मुख्य मार्ग के बीच के स्थल को ग्रील, टाईल्स व ग्रीनरी से सुरक्षित करते हुए थीम आधारित पेंटिंग के माध्यम से वहॉ का सौदंर्यीकरण किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

**कबाड़ डम्प कर फैलाई गंदगी, अब होगी कार्यवाही** – एम.पी.नगर स्थित अटल आवास में मुख्य मार्ग के किनारे कबाड़ डम्प कर कबाड़ी द्वारा वहॉ गंदगी फैलाई गई है, जिसे निगम अमले द्वारा कई बार कड़ी समझाईश दी गई तथा कबाड़ डम्प करने से मना किया गया, परंतु कबाड़ व्यवसायी द्वारा निरंतर वहॉ गंदगी की जा रही है। आयुक्त श्री पाण्डेय ने इसे गंभीरता से लेते हुए अवैध रूप से चलाई जा रही, कबाड़ की दुकान को सील करने की कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए। इसी प्रकार घंटाघर से मुड़ापार रोड से अंदर अटल आवास की ओर जाने वाली सड़क पर कबाड़ व्यवसायी द्वारा गंदगी की जा रही हे, इसे भी क्लीयर कराने व समुचित कार्यवाही किए जाने के निर्देश भी आयुक्त श्री पाण्डेय ने अधिकारियों को दिए।

**सी.एण्ड डी.वेस्ट की डम्पिंग पर करें कार्यवाही** – भ्रमण के दौरान आयुक्त श्री पाण्डेय ने पाया कि उक्त आवासीय क्षेत्र में अनेक स्थलों पर नए भवनों का निर्माण किया जा रहा है तथा उनके द्वारा सड़क पर ही सी.एण्ड डी. वेस्ट व भवन निर्माण सामग्री डम्प कर दी गई है, जिससे सड़कों में आवागमन बाधित हो रहा है। आयुक्त श्री पाण्डेय ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्मित किए जा रहे भवनों की अनुज्ञा निगम से प्राप्त की गई है या नहीं, इसका परीक्षण कराएं, यदि बिना अनुमति प्राप्त किए भवन निर्माण हो रहा है तो नियमानुसार कार्यवाही करें। उन्होने निर्देशित

करते हुए कहा कि सी.एण्ड डी.वेस्ट व भवन निर्माण सामग्री को सड़क पर डम्प करने वालों पर अर्थदण्ड आरोपित करें तथा सी.एण्ड डी.वेस्ट व सामग्रियों को सड़क से हटवाएं।

**डोर–टू–डोर पहुंचकर ली सफाई कार्यो की जानकारी** – आयुक्त श्री पाण्डेय ने उक्त आवासीय क्षेत्र का डोर–टू–डोर भ्रमण कर वहॉ की गृहणियों व नागरिकों से निगम के सफाई कार्यो की जानकारी ली तथा उनसे पूछा कि नियमित रूप से सफाई होती है या नहीं, कचरा लेने के लिए स्वच्छता दीदियॉ समय पर आती है या नहीं, इस पर वहॉ के रहवासियों ने बताया कि नियमित सफाई होती है तथा निर्धारित समय प्रातः 08 बजे कचरा लेने के लिए स्वच्छता दीदियॉ आती हैं, इस पर आयुक्त श्री पाण्डेय ने गृहणियों से आग्रह किया कि वे स्वच्छता दीदियों को सूखा व गीला कचरा पृथक–पृथक रूप से दें, जिससे कचरे के प्रबंधन में आसानी होगी। सफाई कार्यो के निरीक्षण के दौरान कुछ कामगार निर्धारित ड्रेस में नहीं मिले, आयुक्त श्री पाण्डेय ने कड़ी हिदायत देते हुए सभी सफाई कामगारों को निर्धारित ड्रेस पहनकर ही काम पर आने के निर्देश दिए।

**03 सप्ताह में निर्माण पूर्ण कर संचालित कराएं कांजीघर** –आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय जमनीपाली में निर्मित कराए जा रहे कांजी हाउस के निर्माण कार्य का अवलोकन किया, कार्यप्रगति का जायजा लिया, उन्होने कांजीहाउस के निर्माण कार्य में गति लाते हुए 03 सप्ताह के अंदर निर्माण कार्य पूरा करने व समस्त आवश्यक व्यवस्थाओं को सुनिश्चित कराते हुए कांजी हाउस का संचालन प्रारंभ किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस मौके पर अपर आयुक्त विनय मिश्रा, जोन कमिश्नर तपन तिवारी, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी आदि के साथ अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।